an>

Title: Regarding alleged false news and reports published and telecasted by mass media.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष महोदया, मैं एक अहम मुद्दा आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। पिछले कुछ महीनों में हम देखते आ रहे हैं कि मीडिया, जिसे हम चौथा स्तम्भ मानते हैं देश के अंदर निरंतर ऐसी घटनाएं हुई जहां टेम्परड वीडियो चलाकर आधी रात को इन्कवायरी बैठाई गई, चाहे वह जेएनयू के अंदर छात्रों की झूठी वीडियो देखने का मामला हो। पिछले दिनों एक अखबार के माध्यम से हरियाणा की छवि को बिगाड़ने का काम किया गया। मुरथल के अंदर एक रेप का मामला सामने आया। पप्पू यादव जी ने इस हाऊस में, कुमारी शैलजा जी ने राज्य सभा के अंदर इस बात को उठाया। उस दिन से लेकर आज तक हम देखते आ रहे हैं कि अलग-अलग अखबार और टीवी चैनल उसे और बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आज हमें सभी को एकजुट होकर हरियाणा को ऐसी स्थिति में लाना पड़ेगा जहां भाइचारा बन पाए, भाईचारा संगठित हो पाए। रातों-रात एक रिपोर्ट पर दो जजेज एक सुओ-मोटो संज्ञान ले लेते हैं उस पर आईजी लेवल के एक अधिकारी की इन्कवायरी रिपोर्ट आ जाती है और पता चलता है कि कोई दुर्घटना नहीं हुई। मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी और आईएनबी मिनिस्टर से आग्रह करूंगा कि जिस अखबार और टीवी चैनल ने झूठी रिपोर्ट चलाने का काम किया, उस पर केन्द्र सरकार तुरंत कड़ी से कड़ी कार्रवाई उन अखबार और टीवी चैनलों के खिलाफ एकशन लेने का काम करे।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और डॉ. सत्यपाल सिंह को श्री दुष्यंत चौटाला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।